# Result Mitra Daily Magazine

# ओलम्पिक में नये खेलों का शामिल होना

## चर्चा में क्यों?

- इस वर्ष आयोजित होने वाली ओलंपिक 2024 का आयोजन 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच फ्रांस की राजधानी पेरिस में होना है।
- पेरिस में आयोजित होने वाली इस ओलंपिक में ब्रेकिंग या ब्रेकडांसिंग खेल को ओलंपिक खेलों में शामिल किया जाएगा।
- ज्ञातव्य हो कि वर्ष 2021 में टोक्यो ओलंपिक में सर्फिंग, स्केटबोर्डिंग और स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग को ओलंपिक खेलों के रूप में शामिल किया गया था।
- भारत 2036 में आयोजित होने वाली ओलंपिक खेलों का आयोजन 'अहमदाबाद' में आयोजन के लिए बोली लगाने सहित भारतीय खेल मंत्रालय द्वारा योग, T-20 क्रिकेट, कबड्डी, शतरंज, स्क्वैश सहित खो-खो को ओलंपिक खेलों में शामिल करने के लिए सिफारिश कर सकता है।



## ओलंपिक में खेलों के लिए क्या मानदंड हैं?

- अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC), ओलंपिक खेलों के प्रत्येक संस्करण के लिए खेल कार्यक्रम निर्धारित करता है।
- अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा खेल कार्यक्रम का निर्धारण वार्षिक सत्र में किया जाता है।
- किसी भी खेलों को ओलंपिक खेल में शामिल होने के निम्न मानदंड निर्धारित किए गए हैं-

1. खेलों को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय महासंघों (IF) द्वारा संचालित होना चाहिए।

2. खेलों को ओलंपिक चार्टर का पालन करना होगा।

ओलंपिक चार्टर, खेलों से जुड़ा एक संहिताबद्ध नियमों और सिद्धांतों का संग्रह है जो ओलंपिक खेलों के संचालन एवं संगठन को निर्देशित करता है।

3. खेलों को विश्व डोपिंग रोधी संहिता का पालन करना

विश्व डोपिंग रोधी संहिता सभी देशों में सभी खेलों के लिए डोपिंग विरोधी नीतियों और नियमों का मानवीकरण करता है।

4. खेलों को ओलंपिक मूवमेंट कोड का पालन

## ओलंपिक में नए खेलों को शामिल कैसे किया जाता है?

- वर्ष 2014 में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने ओलंपिक एजेंडा 2020 की घोषणा की जिसके तहत 'खेलों' को चुनने के तरीकों में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए।
- ओलंपिक एजेंडा 2020 का उद्देश्य ओलंपिक में नए खेलों को शामिल करने सहित खेलों में शामिल होने वाले प्रतिभागियों की संख्या, खर्च और जटिलता को नियंत्रित करना था।
- अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा ओलंपिक खेलों के आयोजन के लिए देश के शहरों का चुनाव के बाद मेजबान देशों के लिए एक राष्ट्रीय ओलंपिक समिति बनाती है।
- इस समिति के माध्यम से मेजबान देश ओलंपिक खेलों में नए खेलों को शामिल करने के लिए सिफारिश कर सकता है।
- वर्ष 2020 में टोक्यो में आयोजित होने वाले ओलंपिक के लिए टोक्यो आयोजन समिति ने पांच नए खेलों सर्फिंग, कराटे, स्पोर्ट क्लाइंबिंग, स्केटबोर्डिंग और बेसबॉल/सॉफ्टबॉल के ओलंपिक खेलों में शामिल करने की सिफारिश की गई थी जिसे अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने सहमति प्रदान की।
- इसी प्रकार वर्ष 2024 के ओलंपिक में मेजबान पेरिस आयोजन समिति के सिफारिश पर इस वर्ष की सर्फिंग, कराटे और स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग को ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया है।
- इसके अलावा पेरिस आयोजन समिति वर्ष 2024 ओलंपिक के लिए ब्रेकिंग या ब्रेड ब्रेकडांसिंग को एक नए ओलंपिक खेल के रूप में पेश करने जा रहा है।
- ओलंपिक वेबसाइट के अनुसार ब्रेकिंग या ब्रेकडांसिंग हिप-हॉप संस्कृति से जुड़ा एक 'शहरी नृत्य शैली' है जिसकी उत्पत्ति 1970 के दशक में संयुक्त राज्य अमेरिका में हुई थी।
- पेरिस ओलंपिक 2024 में ब्रेकिंग या ब्रेकडांसिंग खेलों का आयोजन 9 और 10 अगस्त को 'लॉ कॉनकार्ड' में किया जाना है।

## ओलंपिक 2036-40 के आयोजन में भारत की रुचि -

- अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बारव के अनुसार भारत सहित कई अन्य देश 2036 और 2040 के ओलंपिक आयोजन के लिए मेजबानी का दावा पेश किया गया है।

ResultMitra

- ज्ञातव्य हो कि ओलंपिक खेलों के मेजबान देश के रूप में अगले तीन ओलंपिक का आयोजन पेरिस (2024), लॉस एंजेलिस (2028) और ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया (2032) को आवंटित किया जा चुका है।
- थॉमस बारव के अनुसार वर्ष 2036 और 2040 के ओलंपिक खेलों के आयोजन की मेजबानी के लिए भारत सहित इंडोनेशिया, कतर और जर्मनी प्रमुख देश है।
- ओलंपिक की मेजबानी में रुचि रखने वाले उपरोक्त चार देशों में जर्मनी के अलावा किसी ने अभी तक ओलंपिक खेलों की मेजबानी नहीं की है।
- हालांकि भारतीय ओलंपिक संघ के अनुसार भारत अगले डेढ़ दशक में एशियाई खेलों, युवा ओलंपिक और ग्रीष्मकालीन ओलंपिक की मेजबानी करना चाहता है तथा वर्ष 2048 में आजादी के शताब्दी समारोह के उपलक्ष में 'ओलंपिक' की मेजबानी का लक्ष्य रखता है।

## ओलंपिक (इतिहास) -

- प्राचीन ओलंपिक खेलों का इतिहास लगभग 776 ईसा पूर्व का माना जाता है। यूनानियों द्वारा प्रत्येक 4 साल के अंतराल पर इस खेल का आयोजन यूनानियों के देवता 'जीऊस' के सम्मान में आयोजित किया जाता था।
- ओलंपिया नामक पहाड़ पर इस खेल के आयोजन के कारण इसका नाम 'ओलंपिक' पड़ा।
- 393 ईस्वी में रोमन सम्राट थियोडोसिस प्रथम द्वारा इस खेल पर प्रतिबंध लगा दिया गया।
- इसके बाद आधुनिक ओलंपिक के जनक कहे जाने वाले 'पियरे डी कुबर्टिन' की अथक प्रयास से अप्रैल 1896 में ग्रीस की राजधानी एथेंस में आधुनिक ओलंपिक का पहला संस्करण आयोजित किया गया।
- तब से लेकर वर्ष 2024 में पेरिस में आयोजित होने वाले ओलंपिक तक 30 ओलंपिक का आयोजन हो चुका है।
- इस अंतराल में वर्ष 1924 तथा प्रथम एवं द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ओलंपिक का आयोजन नहीं हो सका।
- एथेंस में आयोजित ओलंपिक खेलों के पहले संस्करण में 12 देश के 280 एथलीटों ने 43 स्पर्धाओं में भाग लिया।

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति-

- 23 जून 1894 को पियरे डे कोर्बिटेन ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना की थी जिसके प्रथम अध्यक्ष 'देमित्रिस विकेलस' थे।
- वर्तमान में विश्व की कुल 205 राष्ट्रीय ओलंपिक समितियां इसके सदस्य हैं।
- अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का अध्यक्ष 8 वर्षों के लिए चुना जाता है जिसके बाद यह चार साल की अवधि के लिए फिर से चुने जाने के लिए पात्र होता है।

Result Mitra

## ओलंपिक ध्वज -

- वर्ष 1914 में 'पियरे डे कोर्बिटेन' द्वारा ओलंपिक ध्वज का प्रोटोटाइप प्रस्तुत किया गया।
- इस ओलंपिक ध्वज में सफेद पृष्ठभूमि के साथ पांच अलग-अलग रंग के छल्ले (रिंग) बने हुए हैं जो दुनिया के 5 महाद्वीपों का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- यह पांच छल्ले (Ring) नीला, पीला, लाल, कला और हरे रंग के हैं।
- नीला रंग (ओशिनिया), काला (अफ्रीका), लाल (अमेरिका) पीला (एशिया) और हरा (यूरोप) का प्रतिनिधित्व करता है।
- ओलंपिक ध्वज को ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले देशों के झंडे के साथ स्वतंत्र रूप से फहराया जाता है।

## अन्य तथ्य -

- वर्ष 1992 तक शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन दोनों खेलों का आयोजन एक ही साथ किया जाता था लेकिन 1992 के बाद से इन खेलों का आयोजन शीतकालीन ओलंपिक और ग्रीषमकालीन ओलंपिक के रूप में दो वर्षों के अंतराल पर किया जाता है।
- ग्रीष्मकालीन ओलंपिक प्रत्येक लीप वर्ष जैसे 2016, 2020, 2024 में आयोजित किया जाता है जबकि शीतकालीन ओलंपिक का आयोजन ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के दो वर्ष बाद जैसे 2018, 2022, 2026 में आयोजित किया जाता है।
- वर्ष 2020 के टोक्यो ओलंपिक जो कोविड-19 महामारी के कारण अगस्त 2021 में आयोजित किया गया, में 206 देशों के प्रतिभागिओं ने 33 खेल प्रतिस्पर्धा में भाग लिया।

Result Mitra